# जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने मौरोली कलां एवं धौरमुई में की जनसुनवाई



जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने ग्राम पंचायत मौरोली कलां एवं ग्राम पंचायत धौरमुई में जनसुनवाई की।

**भरतपुर ( निस )।** ग्राम पंचायत स्तर पर माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित जनसुनवाई के तहत जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने ग्राम पंचायत मौरोली कलां एवं ग्राम पंचायत धौरमुई में जनसुनवाई में भाग लेकर ग्रामीणों के परिवाद सुने तथा मौके पर ही निस्तारण कर पात्रतानुसार विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाया। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का उनके बीच जाकर अवलोकन करते हुए मौके पर निराकरण किया जाये, इसके लिए ग्रामीणों को ब्लॉक अथवा जिला स्तरीय कार्यालयों में नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में पात्रता के अनुसार लाभान्वित करना भी है। ग्रामीण विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करते हुए अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने जनसुनवाई में प्रत्येक नागरिक से रूबरू होते हुए समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाएं, सड़क एवं आमरास्तों में जलभराव जैसी मूलभूत सुविधाओं सम्बंधी समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण किया जाये। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पेंशन, पालनहार की पात्रता पूरी करने वाले ग्रामीणों का ई-मित्र के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन करवाकर मौके पर लाभान्वित करवाया। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में किसान सम्मान निधि योजना से सम्बंधित प्रकरणों में मौके पर ही जांच करवाकर समस्याओं का निराकरण करवाया तथा किसानों को समय पर ई-केवाईसी करवाने का आह्वान किया। जनसनुवाई के दौरान ग्रामीणों ने चंबल पेयजल परियोजना से संबंधित पेयजल समस्या, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने, मनरेगा में रोजगार उपलबध करवाने, सामाजिक सुरक्षा योजना में पेंशन, पालनहार योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिए। इसी प्रकार किसान सम्मान निधि योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन भुगतान नहीं होने के प्रकरणों में मौके पर जांच करवाकर पेंशन एवं सम्मान निधि चालू करवाने की प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों द्वारा खेतों को जाने वाले रास्तों, पोखरों में हो रहे अतिक्रमणों के परिवाद देने पर उन्होंने सम्बंधित पटवारियों, ग्राम विकास अधिकारियों को पाबंद किया कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करें। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रवि कुमार, विकास अधिकारी सेवर फिरोज अहमद, मौरोली कलां सरपंच राजकुमार, धौरमुई सरपंच आरती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया

**करौली( नि.स. )।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आज गुरूवार को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं पीसी टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले के 944 मेधावी छात्र-छात्राओं को पीसी टेबलेट भी वितरण किये जाएंगे, कार्यक्रम में 5 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने करौली विधायक और सपोटरा विधायक से करौली में शिक्षा संकुल निर्माण कराने, प्रशासन द्वारा अधिग्रहित डाइट हॉस्टल के कमरों को खाली कराने सहित अन्य मांग गई।

इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने इस दौरान सभी शिक्षकों के कार्य को सलाम करते हुए आगे भी इसी प्रकार कार्य करने का संदेश दिया। सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने कहा की देश के दूसरे राष्ट्रपति सर्व पल्ली राधा कृष्णन के जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है। इस अवसर शिक्षकों को सम्मान देना और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करने से कार्यक्रम अन्य को उन्हें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा की शिक्षा जीवन में अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, इसी प्रकार से शिक्षाविद् भी सेवानिवृत नहीं होते। वो हमें अनवरत शिक्षा प्रदान करते रहते है। उन्होंने कहा की शिक्षा के बल पर आज करौली के डांग एवं अन्य क्षेत्रों में जन्मे अधिकारी जिले का प्रदेश व देश में नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार ने अल्प समय में बेहतर कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा की सभी की सफलता के पीछे शिक्षकों का प्रमुख योगदान है,करौली जिला छोटा होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग रेलवे, आईआरएस, आईएएस, आईपीएस देश की सेवा कर जिले का नाम रोशन कर रहे है, इसी तरह कर अन्य क्षेत्र में भी लोग है देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक वर्ग में बनवारी श्याम गौतम 6 से 8 तक में रणजीत सिंह और कक्षा 1 से 5 तक वर्ग में राजवीर सिंह को जिला स्तर पर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व शिक्षक और विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाड़ी, डाइट प्रधानाचार्य पुष्पेन्द्र शर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को बयाना कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। इस मौके पर बयाना के राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय व गांव बिडयारी स्थित श्रीनृसिंह जीएनएम व नर्सिंग कॉलेज में भी शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान में अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन हुए। जिनमें शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं सहित अन्य गणमान्य लोगों व अधिकारियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्या गिरीश कुमारी शर्मा ने बताया कि कन्या विद्यालय में आयोजित समारोह की अध्यक्षता शिक्षा विभाग की पूर्व संयुक्त निदेशक इंदिरा सिंह ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा व विशिष्ट अतिथि के बतौर तहसीलदार विनोद मीणा आदि अधिकारी भी मौजूद रहे। समारोह में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं की ओर से अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसी प्रकार श्रीनृसिंह जीएनएम व नर्सिंग कॉलेज में संस्था के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का शुभारंभ संस्था के निर्देशक निखिल तिवारी व दीपक तिवारी एवं कॉलेज की प्राचार्या डॉ मीनाक्षी दहिया एवं राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ फिरोज अख्तर ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प चढ्ढाकर किया। इस समारोह में भी नर्सिंग व जीएनएम प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में अनेकों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व लघु नाटक आदि प्रस्तुत किये। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथि वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में गुरु के महत्व व जीवन में आगे बढ्ने और सफल होने के गुरु मंत्र भी बताए।

### खण्डेलवाल को लाडली मीडिया अवॉर्ड

**भरतपुर ( निस )।** पॉपुलेशन फर्स्ट (पीएफ) की ओर से मुम्बई में 14वें लाडली मीडिया विज्ञापन पुरस्कार प्रदान किए गए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित समारोह में भरतपुर के वरिष्ठ व स्वतंत्र पत्रकार राजेश खण्डेलवाल को सम्मानित किया गया। उन्हें जेंडर सेंस्टिविटी श्रेणी में महिलाओं के त्याग, संघर्ष और आर्थिक स्वावलंबी बनने से जुड़ी 3 महिलाओं की प्रेरणादायक स्टोरियों के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। उनकी 3 कहानियों में कोटा की स्वाति श्रृंगी की यहां 5 रुपए में मिलता है घर जैसा खाना, अलवर की शिक्षिका आशा सुमन की कहानी 30 हजार से ज्यादा छात्राओं को नहीं लगता अब डर तथा भरतपुर की ब्रजेश भार्गव की दिहाड़ी मजदूर की पत्नी का कमाल, 200 महिलाओं को दिया रोजगार है। हिंदी वेब न्यूज रिपोर्ट श्रेणी में चयनित खण्डेलवाल की ये तीनों कहानियां गांव कनेक्शन डॉट कॉम पर प्रकाशित हुई थी। खण्डेलवाल भरतपुर के एकमात्र ऐसे पहले पत्रकार हैं, जिन्हें लाडली मीडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं। 14वें संस्करण के लिए देशभर से 798 प्रविष्टियां प्राप्त हुई, जिसमें से 74 पत्रकारों को लिंग संवेदनशीलता के लिए लाडली मीडिया पुरस्कार तथा 37 पत्रकारों को जूरी प्रशंसा पत्र दिया गया। कार्यक्रम में अभिनेत्री रेणुका शहाणे, पीएफ के ट्रस्टी डॉ. ए.एल. शारदा, निदेशक योगेश पवार, लाडली मीडिया पुरस्कार समन्वयक डॉली ठाकोर, अनुजा गुलाटी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रकाश पर्व मनाया गया

**भरतपुर ( निस )।** सिखो के पवित्र ग्रंथ श्रीं गुरु ग्रंथ साहिब का पहला पावन प्रकाश पर्व भरतपुर की सिख संगतो द्वारा बड़ी श्रद्धा ब हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीगुरूसिंह सभा भरतपुर के सचिव सरदार चरणजीत सिंह भाटिया के अनुसार 4 सितंबर 1604 को सिखो के पांचवे गुरु अर्जुन देव द्वारा हरमंदिर साहिब अमृतसर में पहला प्रकाश किया था। दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह साहिब द्वारा 1705 में तख्त श्री दम दमा साहिब मे नवें गुरु तेग बहादुर की बानी शामिल कर सम्पूर्णता की गई। गुरुद्वारा पाई बाग भरतपुर में बुधवार शाम को आयोजित विशेष गुरुमत दीवान में भाई करतार सिंह भरतपुर एवम भाई सतपाल सिंह बंगला साहिब दिल्ली वालों ने कीर्तन सेवा की. छात्र गुरु मेहर, हर्ष दीप पर्भजोत द्वारा कविता पाठ किया गया। सभा प्रधान सरदार इंद्रपाल सिंह द्वारा सभी को बधाई देते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दिखाई मार्ग पर चलने हेतु आव्हान किया। दीवान समाप्ति पचात लंगर प्रसाद की सेवा की गई।

# लोकदेवता बाबू महाराज का मेला में उमडे श्रद्धालु

**नदबई ( निस )।** बाबू बाबा मेला कमेटी एवं सर्व समाज की ओर से गांव न्यौंठा स्थित आस्था से भरपूर बाबू बाबा मन्दिर पर चल रहे दो दिवसीय लोकदेवता बाबू महाराज मेला के तहत दूसरे दिन गुरूवार को 56 पकवान एवं फूल बंगला दर्शन, अन्नकूट प्रसादी, रज वितरण सहित हरियाणी रागनी आदि धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिसमें भारी सख्यां में श्रद्वालु व सन्त समाज, राजनेता आदि शामिल हुए और बाबू महाराज के दर्शन कर विश्व शान्ति, परिवार व मानव कल्याण की कामनाएं। वही चर्म व असाध्यं रोग पीडित, सन्तानहीन परिवार आदि ने मनोकामनाएं पूर्ण होने पर तथा इनसे दु:खी लोगों ने बाबा की जात देकर चीनी प्रसादी का भोग लगाया और अन्नकूट प्रसादी ग्रहण कर धुना की रज प्राप्त की। मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए हरियाणी रागनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद आदि का आयोजन हुआ। जिसमें गायक गायिका एवं खिलाडियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। मेलें में आए राजनेता व गैर राजनेता आदि ने कहा कि मेला भारतीय संस्कृति की पहचान है और मेला व सामुहिक कार्यक्रम समाज को भाईचारा, प्रेम की भावना, देशभक्ति, धर्मनिरपेक्षता आदि का संकेत देते है। हमे ऐसे आयोजन को बढावा देना चाहिए। जिससे युवा पीढी को भारतीय संस्कृति ज्ञान प्राप्त हो सके और प्राचीन समय के मनोरंजन के साधन की जानकारी कायम रहे। साथ ही देशभक्ति व समाज सेवा की भावनाए जागरूक हो सके। लाखन पाठक ने बताया कि मेला में राजस्थान प्रान्त सहित उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखण्ड, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, पंजाब आदि प्रान्त के श्रद्वालुं आए।

# विभिन्न संगठनों ने शिक्षकों को विप्र-रत्न से सम्मानित किया

**भरतपुर ( निस )।** किला, भरतपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में, विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पूर्व सांसद एवं वयोवृद्ध समाजवादी नेता पंडित रामकिशन के सानिध्य एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य केदार नाथ पाराशर, रांगेय राघव कॉलेज के निदेशक एवं सेवानिवृत्त अध्यापक शिशुपाल लवानियां एवं वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा सहित तीन शिक्षकों को साफा-माला पहनाकर एवं श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विप्र-रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक सम्मान, समाज के ऐसे महत्वपूर्ण मार्गदर्शक का सम्मान है जो समाज की पीढियों को मर्यादा की दिशा प्रदान करता है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान, हम सभी के लिए गरिमा और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। ये समाज को आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और नैतिक रूप से सशक्त बनाते हैं। राष्ट्र के प्रति समर्पित ऐसे शिक्षकों के प्रति हमेशा कृतज्ञता व सम्मान प्रकट करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक एवं विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ.सुशील पाराशर व संयुक्त निदेशक डीओआईटी कमल किशोर शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के डॉ गिरीश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मदनगोपाल शर्मा, सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, समाजसेवी सुरेश उपाध्याय, डॉ. भगवान सिंह, ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेशचन्द शर्मा जघीना, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, जय श्री बांकेबिहारी सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता हरगोबिंद मिश्रा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, समाजसेवी जयप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद शर्मा जती, ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी सदस्य मनीष तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावर, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस, समाजसेवी देवेंद्रमोहन तिवारी, समाजसेवी अजीत लवानियां, समाजसेवी महेश चिचाना, ओमप्रकाश शर्मा, राजेंद्रसिंह लखेरा, गायत्री परिवार के मांगीलाल चौधरी, सेवानिवृत प्राचार्य नरेंद्र जोशी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित होने वाले शिक्षकों को आशीर्वाद दिया। अन्त में तीनों सम्मानित शिक्षकों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीगणेश महोत्सव आगाज

**गंगापुर सिटी ।** जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी के पुरानी अनाज मंडी स्थित मैदान पर आगामी 7 सितंबर से प्रारंभ होने वाले श्रीगणेश महोत्सव के विधिवत सफल आयोजन की तैयारियों हेतु श्रीगणेश महोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों की आवश्यक बैठक का आयोजन नसिया कॉलोनी स्थित विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए।

कार्यक्रम संयोजक डॉ.हेमंत शर्मा ने बताया कि उक्त आवश्यक बैठक में संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सर्वप्रथम 7 सितंबर को चौक वाले बालाजी से प्रारंभ होने वाली कलश यात्रा में, प्रतिदिन आरती एवं डांडिया कार्यक्रम से जोडने, कार्यक्रम की विधिवत संचालन हेतु शहर के गणमान्यजनों को शामिल करते हुए आयोजन समिति का गठन, सभी सनातनी एवं अन्य सामाजिक धार्मिक संगठनों के पदाधिकारीगणों एवं सदस्यगणों को जोडकर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में आमंत्रण देकर सहभागी बनने का आग्रह करने, कार्यक्रम हेतु अनेक गणमान्य अतिथियों से संपर्क, नगरपरिषद सभापति एवं आयुक्त से कार्यक्रम स्थल पर उचित सफाई व्यवस्था और लाइटों के माध्यम से उचित प्रकाश की व्यवस्था कराने का आग्रह, विभिन्न गणमान्यजनों एवं सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुडे शहरवासियों से धार्मिक आयोजन में सहयोग राशि एकत्रित करने हेतु समिति का गठन, प्रसाद वितरण समिति एवं झांकी कलाकारों की समस्त व्यवस्थाओं हेतु समिति का गठन सहित प्रतिदिन होने वाली गणपति की आरती एवं विसर्जन यात्रा के पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा अखाडा कार्यक्रम,17 सितंबर को शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए काली सिल पहुंचकर गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा में भी अधिक से अधिक संख्या में शहर के समस्त महिला-पुरुष,भक्तगणों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह करने सहित संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन हेतु गणेशभक्तों के द्वारा अनुशासनात्मक रूप से व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारियां सौंपी गई। साथ ही कार्यक्रम में विशेष रूप से 15 सितंबर को गणपति बप्पा को छप्पन भोग लगाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम से जुडे मीडिया प्रभारी प्रेम दत्त पंचोली एवं सह मीडिया प्रभारी धनेश शर्मा ने बताया कि आवश्यक बैठक में लिए गए समस्त निर्णयों पर सभी पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आपसी सहमति जताते हुए कार्यक्रम को समस्त शहर के सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य संगठनों के सहयोग से सर्व धर्म समभाव की भावना से गणपति महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में संरक्षक अशोक चौधरी, संयोजक डॉ.हेमंत शर्मा, सह संयोजक विश्वजीत सिंह, सचिव दिलीप तिवाडी, अध्यक्ष तनिष चौधरी, अनिल दुबे, आकाश श्रीवास्तव, अभि मीणा सहित अनेक गणेशभक्त श्रीगणेश महोत्सव समिति पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ग्राम मेढी में जिला कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**गंगापुर सिटी ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। गंगापुर सिटी पंचायत समिति की ग्रा.पं. मेढी में जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।


## कार्यालय नगरपरिषद करौली ( राज. )

क्रमांक:-नपरिक./नि./2024/1642 दिनांक: 03.09.2024

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद करौली नगरपरिषद क्षेत्र करौली की स्ट्रीट लाईटों के मेंटीनेंस और रिपेयेरिंग कार्य के लिए आवश्यक सामान सप्लाई हेतु दिनांक 10.09.2024 तक सीलबंद निविदा तक सीलबंद आमंत्रित की जाती हैं।

अत: इच्छुक एवं पात्र संवेदक दिनांक 10.09.2024 समय 2:00 पीएम. तक निर्धारित अमानता राशि व निविदा प्रपत्र शुल्क परिषद की कोष शाखा में जमा कराकर निविदा प्रपत्र नगरपरिषद की कैश शाखा से क्रय कर अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 10.09.2024 को समय 3:00 पीएम तक सीलबंद पेटी में प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसे उसी दिवस दिनांक 10.09.2024 को समय 4:00 पीएम पर उपस्थित संवेदकों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार परिषद में निहित होगा। निविदा की संबंधित विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व डाउनलोड/अपलोड किया व देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानता राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपरिषद क्षेत्र करौली की स्ट्रीट लाईटों के मेंटीनेन्स और रिपेयरिंग कार्य के लिए आवश्यक सामान (एल.ई.डी. ड्राईवर वायर, एल.ई.डी., स्विच, एमसीबी, ट्यूबलाईट आदि) सप्लाई कार्य | 4.80 लाख | 9600 | 500 | 3 माह |

सभापति
नगरपरिषद, करौली

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली


# 'शिक्षक स्वयं जल कर छात्र के जीवन को करते है प्रकाशवान'



गंगापुर सिटी में शिक्षक का सम्मान करते अतिथी।

**गंगापुर सिटी ।** शिक्षक दिवस के मौके पर गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र में जगह-जगह स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम सीबीईओ गंगापुर सिटी सभागार में हुआ। यहां मुख्य अतिथि प्रधान मंजू गुर्जर और विशिष्ट अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल, एडीएम रवि वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीणा सहित अन्य अतिथियों ने पहले मां शारदा और इसके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधान मंजू गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि गुरु का संसार में सबसे बडा पद है। गुरु ही बच्चों का सही मार्गदर्शक है। इतना ही नहीं गुरु के बिना जीवन अधूरा है। गुरु से प्राप्त शिक्षा से ही हर व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों पर चढता है और सही मार्ग पर चलकर जीवन जीता है। बिना गुरु की शिक्षा और गुरु के जीवन अंधकार के समान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नैतिक शिक्षा की कमी से बच्चों में संस्कार के साथ नैतिक मूल्यों में गिरावट आई है। ऐसे में उन्होंने सभी गुरुजनों से बच्चों को पढाई के साथ नैतिक शिक्षा का पाठ भी पढाने पर जोर दिया, ताकि आने वाली पीढी का जीवन उज्वल हो सके। सीबीईओ महेश कुमार मीणा ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन गुरुजनों का शील्ड, प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर और शॉल ओढाकर सम्मान किया।

इससे पहले अतिथियों का भी अभिनंदन किया गया। इसी तरह पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल ओमप्रकाश बैरवा द्वारा सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी प्रवक्ताओं के द्वारा शिक्षक दिवस पर प्रकाश डाला गया। चेतराम मीना द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। राम अवतार गुर्जर ने शिक्षक के महत्व का वर्णन किया। गिर्राज प्रसाद शांडिल्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रिंसिपल के द्वारा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सभी शिक्षक और छात्रों के द्वारा शॉल ओढाकर प्रिंसिपल ओम प्रकाश बैरवा का सम्मान किया गया। अखिलेश मीना द्वारा मंच का संचालन किया गया। इसी तरह नोबल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर प्रिंसिपल रीना पल्लीवाल ने छात्र-छात्राओं को गुरु का महत्व बताया। साथ ही गुरु के बताए मार्ग पर चलकर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओ ने भी गुरु अभिनंदन कर गुरुओं का सम्मान किया।

# डीग में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजन

**डीग ( निस )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है। जिला कलक्टर डीग श्रुति भारद्वाज के निर्देशानुसार इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर पर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र इकलहरा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का तीन दिवस में संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला कलक्टर ने पंचायती राज विभाग, संबंधित एसडीएम तथा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान कुल 31 परिवाद दर्ज किए गए। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रुति भारद्वाज ने बताया कि जनसुनवाई में अधिकतर प्रकरण पानी से संबंधित प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि चंबल की सप्लाई अभी पाइपलाइन के सबसे पीछे के भाग में स्थित लाभार्थियों को पूर्ण रूप से नही मिल पा रहा है। इस समस्या को देखते हुए पूरे इलाके की मैपिंग कर दी गई है एवं एक अभियान चलाकर अवैध कनेक्शन को रोकने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पेयजल की सप्लाई पहुंचाई जा सके। इसके अलावा विकलांग पेंशन और अन्नपूर्णा रसोई से संबंधित भुगतान के संबंध में भी प्रकरण प्राप्त हुए जिसके के लिए संबंधित अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# आरोपी पति गिरफ्तार

**भरतपुर ( निस )।** रूदावल थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण करने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। 30 मई को गांव खुशयालगढ थाना आगरा जिला आगरा यूपी निवासी महाराज सिंह पुत्र हेतसिंह जाति कुशवाह उम्र 44 साल ने माडापुरा थाना रूदावल निवासी अपनी पुत्री के ससुरालजनों के विरूद्व उसकी पुत्री मीना को दहेज के लिये प्रताडित करने जिससे परेशान होकर मीना द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का एक मामला थाना रूदावल पर दर्ज कराया था। वृताधिकारी वृत रूपवास श्वेता पाठक द्वारा दौराने अनुसंधान इस मामले के नामजद आरोपी मृतका के पति रविकेष पुत्र मोहनसिंह उम्र 20 साल जाति कुशवाह निवासी माडापुरा थाना रूदावल को धारा 306 आईपीसी में गिरफ्तार किया गया है।


## कार्यालय नगर परिषद करौली ( राज. )

क्रमांक: 1612 दिनांक: 3.9.2024

### आपत्ती आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा पटटा नामान्तरण/हस्तान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों /दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहते हो, वह अन्दर अवधि 07 योग/ दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नहीं की जावेगी तथा पटटा पटटा नामान्तरण/हस्तानान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

पटटा नामान्तरण/हस्तांतरण/उपविभाजन

| क्र. सं. | नाम आवेदक | खसरा न. | भू. सं. | पटटा संख्या | मूल / प्रारम्भिक पटटाधारी का नाम | साईज ( वर्गगज/ वर्गमीटर ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति रेखा देवी पत्नि श्री हेमराज गुप्ता | 5313 | 89ए 90ए | 820/ 2006 | श्रीमति नीतू गुप्ता पत्नि श्री महेश | 111.11 |
| 2 | श्रीमति मुन्नी पत्नि रमेशचन्द खटीक | 846-851, 871, 876, 878-881 | 72 | 168495/ 2023 | श्री राजूलाल माली पुत्र श्री दामोदर माली | 97.22 |
| 3 | श्रीमति समय बाई मीना पत्नि श्री विकास कुमार | 850, 851 | 65 | 470/2023 | श्री पुरूषोत्तम माली पुत्र श्री शीशो माली | 125 |
| 4 | श्री मोहन सिंह गुर्जर पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह गुर्जर | 726 | 23ए | 1138/2012 | श्रीमति ललिता शर्मा पत्नि श्री हेतराम शर्मा | 133.33 |
| 5 | श्रीमति सोमोती पत्नि श्री बृजलाल मीना | 5487 | 20,21 | 390/2002 | श्री रामरन शर्मा पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा | 155.55 |
| 6 | श्री मनोज कुमार, पवन कुमार गुप्ता पुत्र श्रीलाल | 5596 | 06 | 462/2003 | श्री सुन्दर माली पुत्र श्री हीरालाल माली | 17.37 |
| 7 | श्री बनवारी लाल शर्मा पुत्र श्री मिश्रीलाल शर्मा | 5436 | 37 | 130303/ 2023 | श्री मोनू प्रजापत पुत्र री शिवचरण प्रजापत | 102.51 |

भवन निर्माण स्वीकृति

| क्र. सं. | नाम आवेदक | खसरा न. | भू. सं. | साईज ( वर्गगज /वर्गमीटर ) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री रमेशचन्द, नरेशचन्द शर्मा पुत्र श्री खज्जूराम | 5657 | 7,8,9,10,1112 | 166.66 |
| 02 | श्री रामकेश मीना पुत्र श्री भरतलाल मीना | 5741 | 11,12 | 266 |
| 03 | श्री लखनलाल मीना पुत्र श्री बाबूलाल मीना | 5796 | 06 | 10421 |
| 04 | श्री अखलेश कुमार बंसल पुत्र श्री शिवजी प्रसाद | 7001 | 8ए, 8बी | 6755 |
| 05 | श्री विनोद कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा | 5405 | 05 | 244.44 |

आयुक्त
नगर परिषद करौली